217 RE [illegible] 217/07 [illegible]

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

[illegible] प्रदेश MADHYA PRADESH

SD 66330 R. fee 5274 A 370746

II श्री II

/विक्रयपत्र बाबत कृषि भूमि स्थित ग्राम मेंमदी तहसील महू जिला इन्दौर/

ग्राम पंचायत क्षेत्र-मेंमदी ब्लाक-महू रे.स.नं.-२

पटवारी हल्का नं.-२६ ऋण पु.क्र.-एन-३५०१९

कीमत व बाजार मूल्य रूपये ६,३७,६५०/-(अक्षरी रूपये छः लाख सेंतीस हजार छः सौ पचास रूपये मात्र) 637650

मुद्रांक शुल्क रूपये	५१०१२=००
पंचा, मुद्रांक शुल्क रूपये	६३७७=००
उपकर रूपये	२५५१=००
सहमति शुल्क रूपये	१०=००
कुल योग	५६६५०=००

Re. BDI/2014/E/0004

MR-28443/16

(१)श्री राधेश्याम पिता श्री मांगीलालजी गौड
(२)श्री केसरसिंह पिता श्री पन्नालालजी राठौर
निवासी ग्राम मेंमदी तहसील महू जिला इन्दौर म.प्र.

-----विक्रीतार (विक्रेता)

--- एवं ---

विनित कन्सट्रक्शन प्रा.लि.तर्फे अधिकृत हस्ताक्षरी
श्री सुभाष पाटीदार पिता श्री रामलालजी पाटीदार
निवासी मेन रोड ग्राम गधली पलासिया तहसील महू जिला इन्दौर म.प्र.

--------सहमतिकर्ता

Authorised

अविरत..२

Justice (Retd.) R.M. Lodha Committee (In the matter of PACL Ltd.) New Delhi

CBI-AA-46/18

NOT FOR SALE

1000

$\frac{1000}{1} + \frac{100}{4} + \frac{50}{1} + \frac{500}{1} = 1950$

आयोजित उप-कोषालय मऊ
दिनांक 31 MAR 2007
उप-कोषाधिकारी मऊ
जिला इन्दौर

प्रमाण आयोग
स्थानीय देवकर
उपकोष कार्यालय मऊ

NOT FOR SALE

Justice (Retd.) R.M. Lodha Committee
(In the matter of PACL Ltd.)
New Delhi

मध्य प्रदेश MADHYA PRADESH :२: E 028771

---शर्तें---

शिव महिमा टाउनशीप प्रा.लि.,३०१-३०२,तृतीय मंजिल
बिन्डसर प्लाजा संसारचन्द्र रोड जयपुर तर्फे अधिकृत हस्ताक्षरी
श्री राजेश चौबे पिता श्री जे.एन.चौबे,पता ३०१-३०२,तृतीय मंजिल
बिन्डसर प्लाजा संसारचन्द्र रोड जयपुर
(PAN No.-AAICS7173D) --------खरीददार (क्रेता)

उपरोक्त विक्रीदार पक्ष यह विक्रयपत्र बाबत कृषि भूमि स्थित ग्राम मेंमदी तहसील महू जिला इंदौर का उपरोक्त खरीददार तृतीय पक्ष के हित में निष्पादित इस प्रकार कर देते है कि :-

विक्रेता की मालकी व कब्जे आधिपत्य की भूमि सर्वे नं.१०५/२ पैकि रकबा ०-४७७ हेक्टर (१-१७ एकड़)लगान २=०४ ग्राम मेंमदी तहसील महू जिला इंदौर का यह विक्रय है। विक्रीदार पक्ष के अलावा इस भूमि सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हिस्सा या शरकत आदि नहीं है। इस भूमि सम्पत्ति के मालकी आदि किसी संबंध में कोई दावा झगड़ा प्रकरण किसी भी प्राधिकारी के समक्ष अथवा किसी भी ज्यूडिशियल न्यायालय में लंबित या विचाराधीन नहीं है, अथवा सबज्यूडिस नहीं है।

सदर विक्रयांतर्गत भूमि सम्पत्ति रेवेन्यू रिकार्ड में विक्रेतापक्ष के नाम पर दर्ज है। सदर भूमि पर विक्रेतापक्ष स्वयं के साधनों से कृषि कार्य करते आये है व सतत् अबाधित रूप से सदर विक्रयांतर्गत भूमि पर कब्जे आधिपत्य में रहें है। कब्जे आदि किसी भी संबंध में कोई अधिकार दोष या अधिकारों में न्यूनता,दखल नहीं है। सदर भूमि में कोई देव स्थान या पीर स्थान भी नहीं है। इस विक्रय विलेख के विपरीत कोई सौदा करार या विलेख पहले से अन्य किसी के हित में किया हुआ भी नहीं है।

फिलहाल यह विक्रयांतर्गत भूमि हर प्रकार के गिरवी, विक्री, दान, जगामत, ऋण, आड, मेन्टेनेंस, डिक्री, आसेध, धर्मादा, देव स्थान के चार्ज, बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, सोसायटियों के ऋण, भार, चार्ज आदि मे शुद्ध व मुक्त, पवित्र स्थिति में है यदि भविष्य में किसी बैंक,वित्तीय संस्था आदि का कोई भार,ऋण चार्ज आदि पाया गया तो उसकी समस्त जवाबदारी विक्रीदार पक्ष की रहेगी। इस प्रकार विक्रीदार पक्ष को विक्रयांतर्गत भूमि उपरोक्त खरीददार पक्ष को विक्रय हस्तांतरण करने का पूर्ण व स्वतंत्र अधिकार है।

NOT FOR SALE

Justice (Retd.) R.M. Lodha Committee
In the matter of PACL Ltd.
New Delhi

26562
[illegible]

100

51012
6377
2631
6353
66330

प्रकाश जोशी

श्री राधेश्याम पिता श्री कांगीलाल गौड

NOT FOR SALE

Justice (Retd.) R.M. Lodha Committee (In the matter of PACL Ltd.) New Delhi

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

मध्य प्रदेश MADHYA PRADESH

E 028772

सबर विक्रयान्तर्गत कृषि भूमि को विक्रेता से सहमति कर्ता ने क्रेता कम्पनी की ओर से नीचे लिखी कीमत पर बतौर कम्पनी के ऐजेन्ट की हैसियत से कब्जा रहित विक्रय अनुबंधलेख सम्पादित करा लिया था। आज दिनांक को यह विक्रय पत्र कम्पनी के हित में सहमति कर्ता के निर्देश पर किया जा रहा है। इस विक्रय में सहमति कर्ता को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नही है। उक्त अनुबंध सहमति कर्ता ने क्रेता कम्पनी की ओर से किया होकर निजी हैसियत से नही किया था। इसलिए बिक्रीदार एवं खरीददार पक्ष को अधिक विश्वास दिलाने के लिए अलग से कोई रुपया नही लेते हुए स्वेच्छा से इस विक्रय पत्र पर बतौर सहमति कर्ता नाते अपने हस्ताक्षर कर रहे है।

विक्रयान्तर्गत कृषि भूमि की कीमत के चुकते रूपये ६,३७,६५०/-अक्षरी छः लाख सैंतीस हजार छः सौ पचास रूपये मात्र विक्रेता पक्ष को सहमति कर्ता ने, जो कि क्रेता कम्पनी के ऐजेन्ट की हैसियत से कार्य कर रहे है, निम्नानुसार अदा कर दिये है। इस प्रकार कीमत की चुकती धन राशि के रूपये क्रेता पक्ष से मिलना बिक्रीदार पक्ष स्वीकार करते है।अब इस विक्रय पत्र के पंजीयन के समय श्रीमान उप-पंजीयक महोदय के समक्ष कुछ भी एक पैसा तक लेना शेष नहीं रहा है एवं इस विलेख के पंजियन के पश्चात भी कीमत पेटे व इस सम्पत्ति के पेटे कुछ भी लेना बाकी नही रहेगा। मूल्य राशि प्राप्ति के संबंध में विक्रेतापक्ष की पूर्ण संतुष्टि हो गई है। भूमि की किस्म के अनुसार उपरोक्त कीमत पर्याप्त है। उपरोक्त कीमत की सम्पूर्ण धनराशि सहमति कर्ता ने क्रेता से जारी विभिन्न आर.टी.जी.एस. द्वारा प्राप्त करने के पश्चात विक्रेता को दे दिये है। विक्रेता पक्ष ने सहमति कर्ता, क्रेतापक्ष से कीमत पेटे चुकते रूपये निम्नानुसार प्राप्त किए है :-

रूपये ३०,४२०/-द्वारा चेक नं.१०८३०६ दि:१०/४/०७ यू.टी.आई.बैंक लि.इन्दौर के जरिये प्राप्त,
रूपये ३३,४०३/-द्वारा चेक नं.१०८३०७ दि:१०/४/०७ यू.टी.आई.बैंक लि.इन्दौर के जरिये प्राप्त,
रूपये २,८६,९१३/-द्वारा चेक नं.१०८३०८ दि:१०/४/०७ यू.टी.आई.बैंक लि.इन्दौर के जरिये प्राप्त,
रूपये २,८६,९१३/-द्वारा चेक नं.१०८३०९ दि:१०/४/०७ यू.टी.आई.बैंक लि.इन्दौर के जरिये प्राप्त।

अग्रिम....४

NOT FOR SALE

Justice (Retd.) R.M. Lodha Committee
In the matter of PACL Ltd.
New Delhi

विक्रेता ① श्री राधेश्याम पिता श्री मांगीलाल गौड
② श्री केसरसिंह पिता श्री पन्नालाल राठौर
जि० ग्रा० मेंमही तह० महू

जन्मतिक्रता विनित कुन्स प्रकाशन प्रा० लि० तर्फे अधिकृत
हस्ताक्षरी श्री सुभाष पिता श्री रामलाल पाटीदार
जि० मेनरोड ग्राम गवली पलासिया तह० महू

क्रेता शिव महिमा टाउनशीप प्रा० लि० जयपुर तर्फे
अधिकृत हस्ताक्षरी श्री राजेश पिता श्री जे० एन०
चौबे पता 301-302, तृतीय मंजिल विन्डसर प्लाजा
संसारचंद्र रोड, जयपुर

विक्रय

637650/- रूपये छह लाख
सैंतीस हजार छह सौ पचास मात्र

① अमरसिंह पिता श्री आशाराम
② दिनेश चन्द्र पिता श्री गेंहालाल गौड
दोनो जि० हतोदा तह० महू

NOT FOR SALE

Justice (Retd.) R.M. Lodha Committee (In the matter of PACL Ltd.) New Delhi

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

रु. 100

Rs. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

मध्य प्रदेश MADHYA PRADESH

E 028773

NOT FOR SALE

मालिकाना कब्जा सदर बेची गई भूमि सम्पत्ति का मौके पर प्रत्यक्ष रूप से, सर्वविदित रूप से मूर्तिमंत रिक्त आधिपत्य (एक्चुवल पजेशन) खरीदार पक्ष को बिक्रीदार पक्ष ने सहमति कर्ता के साथ मौके पर जाकर सुपुर्द कर दिया है। भूमि का कब्जा मिलना खरीददार पक्ष को स्वीकार है। अब खरीददार अपने वंश परंपरा तक मोल ली हुई संपत्ति का उपभोग व उपयोग अपनी इच्छानुसार लेवें। इसे धारण करें, इसमें प्रवेश करें इसकी उत्पन्न आय लाभ आदि लेवें। चाहे जब, चाहे जिसे व चाहे जिस प्रकार से इसका हस्तांतरण आदि करें। यह सब अधिकार खरीददार पक्ष को इस विक्रय विलेख के अंतर्गत प्राप्त हो गये है।

अतः इंद्रियों के स्वस्थ व स्थिर बुद्धि की अवस्था में अपनी इच्छा व प्रसन्नता से बगैर किसी दबाव या रूचि दिलाने आदि के नीचे लिखी सर्वे नं. व क्षेत्रफल वाली ग्राम मेंमदी तहसील महू जिला इंदौर स्थित कृषि भूमि अमला इससे संबंध रखने वाले समस्त स्वत्व, अधिकार, सुखाधिकारों, इजमेंट राईट्स, प्रिविलेजस के सहित, किसी वस्तु या स्वत्व शेष रखे बिना सबके सहित, बिक्रीदार पक्ष ने विक्रय की गई व बेची गई भूमि सम्पत्ति पर खरीददार पक्ष को अपनी तरह पूर्ण रूप से मालिक, अधिपति, भूमि स्वामी बना दिया व अपना हर प्रकार का स्वत्वाधिकार बेची गई भूमि सम्पत्ति पर से उठा लिया है, समाप्त कर लिया है। वे सभी स्वत्वाधिकार इस विक्रय विलेख के अन्तर्गत उपरोक्त खरीददार पक्ष को प्राप्त हो गये है।

अब यदि बिक्रीदारपक्ष का कोई साजी या शरीक वारिस आदि अग्रसर होकर किसी भी किस्म का कोई दावा सदर बेची गई भूमि सम्पत्ति के प्रति करे या इस प्रकार के किसी दावा करने से या किसी भार या ऋण के कारण कुछ रूपया खरीददार को अदा करना पडे तो बिक्रीदार पक्ष उसके उत्तर दाता हैं।

सदर सम्पत्ति के संबंध में विक्रेतापक्ष ने कोई मुखत्यार नामा आम या खास किसी भी व्यक्ति या सस्था के नाम पर किया हुआ नही है। यदि ऐसा कोई मुखत्यार नामा किसी अन्य के नाम पर पाया जाता है तो वह प्रभाव शुन्य मान्य होगा। इस विक्रय के पश्चात विक्रेता पक्ष द्वारा पूर्व में किये गए समस्त अनुबंध लेख स्वतः ही निरस्त, प्रभाव शुन्य हो जावेंगे।

Shiv ...

अविरत....५

Authorised ...

Justice (Retd.) R.M. Lodha Committee (In the matter of PACL Ltd.) New Delhi

[redacted]

[redacted] 10 A[illegible]

[redacted]

[redacted]

[redacted] 10 APR 2007

[redacted]

[redacted]

प्रकाश जोशी

[illegible]

सहमति पुर्ती

[redacted] 10 APR 2007

[redacted]

[redacted] 10 APR 2007

[redacted]

NOT FOR SALE

Justice (Retd.) R.M. Lodha Committee (In the matter of PACL Ltd.) New Delhi

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

रु. 100

Rs. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

मध्य प्रदेश MADHYA PRADESH

E 028774

NOT FOR SALE

: ५ :

बिक्रीदार पक्ष के किसी साजी या शरीक वारिसान के दावा करने से या अधिकार दोष के कारण सदर बेची गई भूमि या इसका कोई भाग खरीददार के कब्जे और अधिकार से निकल जावे या इस प्रकार के किसी दावा करने से या किसी भार या ऋण के कारण कुछ रूपया खरीददार पक्ष को अदा करना पडे तो उन्हें अधिकार होगा कि वे विक्रय का चुकता रूपया, अवसर होने पर अनुपातिक द्रव्य, लगा हुआ रूपया, व्यय व हानि जो उठानी पडे वह सब बेची गई सम्पत्ति से, विक्रेतापक्ष से स्वत: से व उनके वारिसान आदि से व उनकी मौजूदा व भविष्य में होने वाली जंगम व स्थावर सम्पत्तियों से जिस प्रकार भी हो सके वसूल कर लें। विक्रेता पक्ष को कोई आपत्ति, एतराज नहीं होगा।

बेची गई कृषि भूमि सम्पत्ति का विवरण निम्नानुसार है :-

सर्वे नं.	रकबा हेक्टर मे	लगान
१०५/२ पैकि	०-४७७	२=०४

(सर्वे नं-एक सौ पांच बटा दो पैकि) (रकबा-दशमलव चार सौ सत्होत्तर हेक्टर)

(लगान-दो रूपये चार पैसे मात्र)

उपरोक्त बेची गई कृषि भूमि ग्राम मेंमदी तहसील महू जिला इंदौर में स्थित है। विक्रय की गई भूमि में कोई मकान ,कुआ या वृक्ष आदि नहीं है। बिक्रती भूमि असिंचित है।

अविरत.....६

Justice (Retd.) R.M. Lodha Committee (In the matter of PACL Ltd.) New Delhi

भारतीय गैर न्यायिक

पचास रुपये रु. 50

FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA NON JUDICIAL

मध्य प्रदेश MADHYA PRADESH

0 578834

(6)

यह भूमि शासकीय पट्टे, भू-दान की नहीं है। ऐनीमीकंट्री के सिटीजन की नहीं है। भूमि का लेण्ड यूस कृषि उपयोग का है, परिवर्तित भूमि नहीं है।

तदार एवं ग्राम निवेश अधिनियम १९७३ की बाधा नहीं है। स्थानीय क्षेत्र, निवेश व विशेष क्षेत्र, स्कीम व प्लान एरिया की नहीं है। किसी अधिग्रहण में भी नहीं है। मिलिट्री द्वारा एक्वायर की हुई नहीं है। सन १२५८-५९ व पश्चात किसी भी कालावधि में विक्रीत भूमि किसी आदिवासी या जन-जाति के सदस्य के नाम पर नहीं रही है।

इस विक्रय की किसी पूर्वानुमति, पूर्व अनुज्ञा एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार यह विक्रय वैध रूप से है। अब खरीददार पक्ष को अधिकार होगा कि वे उनके खर्चे से उपरोक्त मोल ली भूमि को अपने नाम पर नामांतरण करवा लेवें, बटे नम्बर करवा ले। इन कार्यवाहियों में विक्रेतापक्ष औपचारिक रूप से सहयोग हेतु सदा तत्पर, तैयार व बाध्य रहेंगे।

इस विक्रयपत्र में प्रयुक्त किसी भी शब्द वाक्य या प्रतिबंध को भविष्य में और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिये, अधिक विस्तार या व्याख्या या स्पष्टिकरण की आवश्यकता होने पर खरीददार को या जिसे भी आवश्यकता हो खरीददार के व्यय पर अन्य आवश्यक दस्तावेज, संशोधनपत्र, सहमतिपत्र, एडमिशन डीड, शपथपत्र, प्रार्थनापत्र आदि का निष्पादन, सम्पादन, पंजीयन, अटेस्टेशन, अथन्टीकेशन, सत्यापन आदि कराने को सदा तत्पर तैयार व बाध्य रहेंगे।

अविरत...७

NOT FOR SALE

Justice (Retd.) R.M. Lodha Committee
In the matter of PACL Ltd.
New Delhi

INDIA NON JUDICIAL

५०० रु. Rs 500

सत्यमेव जयते

भारत

पाँच सौ रुपये FIVE HUNDRED RUPEES

सम्बोधन विक्रीवारपक्ष (विक्रेता) एवं खरीदवारपक्ष (क्रेता) में एतद् द्वारा उनके वारिस, उत्तराधिकारी, दायाधिकारी, स्वत्वगृहिता, हितग्राही, उत्तरजीवी, समनुदेशित, असाईनी, नामिनी, स्थानि 8733 स्वत्वार्पण प्राप्त कर्तागण, प्रबन्धक, व्यवस्था कर्तागण, कानूनी एवं वैध प्रतिनिधि आदि का समावेश है और यह विक्रयपत्र व इसकी समस्त शर्तें उन पर भी समान रूप से बन्धन कारक रहेगी व इनके अधिकार व लाभ भी समान रूप से प्राप्त रहेंगे। इस विक्रयपत्र का सम्पूर्ण खर्च क्रेतापक्ष (खरीदवार) ने वहन किया है।

अतः यह विक्रयपत्र आज महू में लिखा गया है। उभयपक्षों द्वारा प्रदत्त जानकारी अनुसार लिखायाथा है, भलीभूत पढ़कर, पढ़वाकर, सुनकर, समझकर विक्रेतार ने स्वस्थ व स्थिर बुद्धि की अवस्था में गवाहों के समक्ष बगैर किसी दबाव के अपनी साहीयें की है, ताकि प्रमाण रहे। वक्त जरूरत काम आवे। गवाहों ने निष्पादन के समय इस लेख पर निष्पादक के समक्ष निष्पादन की गवाह की है। विलेख में कोई काट छांट नहीं है।

दिनांक: ३१ - ३ - २००७ महू

गवाह 1. [illegible]

गवाह 2. [illegible]

मही - विक्रीवारपक्ष
(विक्रेता)

मही - सहमति कर्ता

मही - खरीदवारपक्ष
(क्रेता)

मेरे द्वारा प्रारूपित एवं मेरे कार्यालय में टंकित
पं. श्रीधाम मोहनलाल शर्मा, एडवोकेट,
१५२६, पलटन बाजार महू - फोन नम्बर - २७२७०३
२८/१, मोती तबेला (रजिस्ट्रार आफिस के पास) इन्दौर फोन नं. २३६७३९८

NOT FOR SALE

Justice (Retd.) R.M. Lodha Committee
In the matter of PACL Ltd.
New Delhi

26505
31/2/07

कार्यालय मुख्य-कोषालय
दिनांक 31 MAR 2007

स्टाम्प वेण्डर
बहुतीय कार्यालय

विलेख की विषय वस्तु
में कोई कार्यालय

11/01/07

~~20 APR 2007~~

2530

86

217

5240.0

5226.0

NOT FOR SALE

Justice (Retd.) R.M. Lodha Committee (In the matter of PACL Ltd.) New Delhi